संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, गुरूवार, 15 फरवरी 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 45 पृष्ठ: 12    RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दुबई के शासक, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने बुधवार को दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में डीपी वर्ल्ड द्वारा बनाए जाने वाले भारत मार्ट की आधारशिला रखी।






प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दुबई के शासक, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने बुधवार को दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में डीपी वर्ल्ड द्वारा बनाए जाने वाले भारत मार्ट की आधारशिला रखी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 13 अंक: 45 पृष्ठ: 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# आदि महोत्सव ने जनजातीय उद्यमिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दर्शाई : अर्जुन मुंडा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय जनजातीय मामले, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने यहां पर चल रहे आदि महोत्सव के हिस्से के रूप में जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) मीट में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस कार्यक्रम ने जमीनी स्तर पर आदिवासी उद्यमिता को बढ़ावा देने की गहरी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। इस मौके पर जनजातीय मामले के सचिव सचिव विभु नायर ने बी2बी सत्र के महत्व पर जोर दिया और विभिन्न क्षेत्रों में जनजातीय उद्यमियों के बीच आर्थिक विकास, सहयोग और सशक्तिकरण के लिए उत्प्रेरक के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञ के नेतृत्व वाली कार्यशालाओं और पैनल चचाओं में ब्रांडिंग रणनीतियों, पैकेजिंग नवाचारों, फंडिंग पहुंच और बाजार पहचान सहित उद्यमशीलता की सफलता के लिए आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (पीएमजेवीएम) योजना के तहत एक सहयोगी ढांचे की स्थापना करते हुए भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राइ-फेड) और कॉर्पोरेट पावरहाउस आईटीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस पहल का उद्देश्य उन राज्यों में जहां हल्दी की खेती प्रचलित है,से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान और आजीविका में सुधार किया जा सके। बी2बी मीट में आकर्षक चर्चाओं और नेटवर्किंग के अवसरों में 16 निगमों, 4 स्टार्टअप, 3 उद्योग परिसंघों, 1 खाद्य श्रृंखला रेस्तरां, 8 एसआईए व एसएनडी और 5 जैविक खाद्य डीलरों की सक्रिय भागीदारी देखी गई जो सीधे आदिवासी कारीगरों से जुड़े हुए थे। इन बातचीत का उद्देश्य उत्पादन क्षमताओं और खरीद संभावनाओं में जनजातीय उत्पादों के लिए घरेलू और वैश्विक बाजारों को व्यापक बनाना है। इस कार्यक्रम में 90 विक्रेताओं ने नेटवर्किंग प्रतिभागियों के माध्यम से पंजीकरण कराया। जिसमें मेटा प्रतिनिधियों ने व्यापार विस्तार के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का लाभ उठाने पर मार्गदर्शन प्रदान किया। डिजिटल एकीकरण और बाजार पहुंच के उद्देश्य से 20 विक्रेताओं को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) नेटवर्क पर सफलतापूर्वक शामिल किया गया। 250 जनजातीय उद्यमियों के स्टालों वाली जीवंत प्रदर्शनी ने पारंपरिक शिल्प कौशल को समकालीन नवाचार के साथ मिश्रित करते हुए उत्पादों की विविध श्रृंखला से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## आदर्श विचार



"सत्य कभी दावा नहीं करता कि मैं सत्य हूं।"
भागवद्

## मन की बात



"बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।"
स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# किसानों की पुलिस से झड़प

## केंद्र सरकार के साथ आज किसान नेताओं की बैठक, शंभू-जींद बॉर्डर पर टकराव, पथराव... बैरिकेड तोड़े

**आज होगी वार्ता**

8 ट्रैक्टर ट्रॉलियों में टेंट व राशन लेकर निकले किसानों को हरियाणा के बॉर्डर पर रोक दिया गया।

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/नई दिल्ली**

**एमएसपी** गारंटी कानून और कर्जमाफी समेत 12 मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे पंजाब के किसानों ने सरकार से वार्ता विफल होने के बाद दिल्ली के लिए कूच किया। पंजाब के विभिन्न इलाकों से ट्रैक्टर ट्रॉलियों में टेंट व राशन लेकर निकले किसानों को हरियाणा के बॉर्डर पर रोक दिया गया। सील किए गए पटियाला के शंभू और जींद के दातासिंह वाला बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों की बीच कई बार टकराव हुआ। पथराव कर रहे और बैरिकेड तोड़ने की कोशिश कर रहे किसानों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन और रबड़ की गोलियां चलाईं। जींद में लाठियां बरसाई गईं।



### शंभू बॉर्डरः पूरा दिन हुआ टकराव

**शंभू** बॉर्डर पर सुबह 10.30 बजे से किसान जमा होने लगे थे। करीब 11 बजे किसानों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जो पंजाब सीमा में 300 मीटर अंदर तक गिराए गए। सुरक्षाबलों ने ड्रोन से खेतों और घग्गर किनारे जमा किसानों की भीड़ पर भी आंसू गैस के गोले दागे। सुबह 11 बजे से शाम छह बजे के बीच किसानों और सुरक्षाबलों में कई बार टकराव हुआ। शंभू बॉर्डर पर 10 हजार किसान पहुंचे हैं। आंसू गैस की वजह से मची भगदड़ में कुछ किसान घायल भी हुए हैं और कुछ की हालत बिगड़ गई।

### हरियाणा को सरकार ने कश्मीर घाटी बना दिया : पंधेर

**किसान** मजदूर संघर्ष कमेटी के नेता सरवन सिंह पंधेर ने सीमाओं पर बैरिकेडिंग करने की निंदा की। कहा कि ऐसा नहीं लगता कि पंजाब और हरियाणा दो राज्य हैं। ऐसा लगता है कि उनकी अंतरराष्ट्रीय सीमा है। हरियाणा को कश्मीर घाटी में बदल दिया गया है। हम सरकार के साथ किसी भी टकराव में शामिल नहीं होंगे। सरकार हम पर गोलियां चला सकती है या लाठीचार्ज कर सकती है।

पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान भी हमारे भाई हैं। हमारा मार्च शांतिपूर्ण होगा। पुलिस ने हरियाणा के किसान नेताओं के घर पर दबिश दी और करीब एक दर्जन किसान नेताओं को उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया गया।

# यूएईः हिंदू मंदिर का पीएम ने किया उद्घाटन

## बीएपीएस मंदिर में संतों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूजा अर्चना की

**टीम एक्शन इंडिया/अबू धाबी**

**यूएई के** अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने मंदिर की दीवारों पर की गई नक्काशी को करीब से देखा। अबू धाबी में बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर में संतों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूजा अर्चना की। अबू धाबी में बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था मंदिर में पूजा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरती की। मंदिर अबू धाबी में 'अल वाकबा' नाम की जगह पर 20,000 वर्ग मीटर की जमीन पर बना है। हाइवे से सटा अल वाकबा अबू धाबी से तकरीबन 30 मिनट की दूरी पर है। बता दें भारतीय दूतावास के आंकड़ों के मुताबिक, यूएई में तकरीबन 26 लाख भारतीय रहते हैं, जो वहां की आबादी का लगभग 30% हिस्सा है। मंदिर में नक्काशी के माध्यम से प्रामाणिक प्राचीन कला और वास्तुकला को पुनर्जीवित किया गया है। मंदिर प्रबंधन के एक प्रवक्ता अशोक कोटेचा ने बताया कि मास्टर प्लान के डिजाइन को 2020 की शुरूआत में पूरा किया गया था। ऐतिहासिक मंदिर का काम समुदाय के समर्थन, भारत और यूएई के नेतृत्व से आगे बढ़ रहा है।



### पीएम मोदी ने यूएई के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दुबई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मुलाकात की। मोदी ने मकतूम को भारत यात्रा का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, शिक्षा और लोगों से लोगों के संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा की। उन्होंने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच तेजी से बढ़ते आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों पर संतोष व्यक्त किया और विशेष रूप से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

# यासिन को फांसी की सजा पर मई में होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली हाई कोर्ट** ने हत्या और टेरर फंडिंग के मामले में दोषी करार दिए गए यासिन मलिक को फांसी की सजा पर सुनवाई टाल दी। हाई कोर्ट ने इस याचिका पर अगली सुनवाई मई में करने का आदेश दिया। दरअसल, इस मामले की सुनवाई करने वाली बेंच आज सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं थी, जिसकी वजह से सुनवाई टली है। हाई कोर्ट ने एनआईए की याचिका पर सुनवाई करते हुए 29 मई, 2023 को यासिन मलिक को नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने यासिन मलिक के ऊपर लगे आरोपों को सही



पाया था। उन्होंने कहा था कि यह अजीब है कि कोई भी देश की अखंडता को तोड़ने की कोशिश करे और बाद में कहे कि मैं अपनी गलती मानता हूं और ट्रायल का सामना न करे। यह कानूनी रूप से सही नहीं है। एनआईए के पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि मलिक ने कश्मीर के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की। पटियाला हाउस कोर्ट ने 25 मई, 2022 को हत्या और टेरर फंडिंग के मामले में दोषी करार दिए गए यासिन मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। पटियाला हाउस कोर्ट ने यासिन मलिक पर यूएपीए की धारा 17 के तहत उम्रकैद और दस लाख रुपये का जुर्माना, धारा 18 के तहत दस साल की कैद और दस हजार रुपये का जुर्माना, धारा 20 के तहत दस वर्ष की सजा और 10 हजार रुपये का जुमार्ना, धारा 38 और 39 के तहत पांच साल की सजा और पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया था। कोर्ट ने यासिन मलिक पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी के तहत दस वर्ष की सजा और दस हजार रुपये का जुर्माना, धारा 121ए के तहत दस साल की सजा और दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया था।

# 'एमएसपी को कानूनी गारंटी दिलाएगी कांग्रेस'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस प्रवक्ता प**वन खेड़ा ने कहा कि स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों के नाम पर मोदी सरकार ने सिर्फ किसानों को छला है। खेड़ा ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि स्वामीनाथन कमीशन की 201 सिफारिशें थी, जिसमें से संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार 175 सिफारिशें लागू कर चुकी थी। उसमें 26 सिफारिशें बची थीं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से जुड़ी घोषणा थी। इसे कांग्रेस अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूरा करने की घोषणा की है। खेड़ा ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को एमएसपी देने का वादा किया था। इसे वह पूरा नहीं कर रहे हैं। एमएसपी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल हुआ। उसमें प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि हम इस तरह की एमएसपी नहीं दे सकते, जिसमें इनपुट कॉस्ट इतनी ज्यादा हो। ऐसे में प्रधानमंत्री ने न सिर्फ अपना वादा तोड़ा बल्कि किसानों के रास्ते पर कील बिछवाकर और उन्हें उपद्रवी कहने से भी नहीं चूके।

जब पिछली बार किसान 'तीन काले कानून' को लेकर धरना दे रहे थे, तब प्रधानमंत्री ने उनसे माफी मांगते हुए कहा था, "मैं तीनों कानून वापस लेता हूं। एमएसपी की समस्या का समाधान निकालने के लिए जल्द ही एक कमेटी बनेगी।"

# पीएम मोदी ने दजेबेल अली में भारत मार्ट का वर्चुअल शिलान्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दुबई के शासक, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने बुधवार को दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में डीपी वर्ल्ड द्वारा बनाए जाने वाले भारत मार्ट की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने विश्वास जताया कि भारत मार्ट जेबेल अली पोर्ट की रणनीतिक स्थिति और लॉजिस्टिक्स में ताकत का लाभ उठाकर भारत-यूएई द्विपक्षीय व्यापार को और आगे बढ़ाएगा।

**उल्लेख** अभिभाषण में राज्यपाल ने सुक्खू सरकार की एक साल की उपलब्धियों का उल्लेख किया

# राज्यपाल के अभिभाषण के साथ विधानसभा का बजट हुआ शुरू

**बजट सत्र**

8 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के तहत परिवहन विभाग ने ई-टैक्सी स्कीम शुरू की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ हिमाचल विधान सभा का बजट सत्र से आरंभ हो गया। 29 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र में 13 बैठकें



होंगी। अभिभाषण में राज्यपाल ने सुक्खू सरकार की एक साल की उपलब्धियों का उल्लेख किया। अभिभाषण पर सदन में दो दिन चर्चा होगी। सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 17 फ रवरी को आगामी माली साल 2024-25 का बजट प्रस्तुत करेंगे। अभिभाषण में हिमाचल को वर्ष 2026 तक हरित राज्य बनाने और 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्टअप योजना पर फ ोकस रहा। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि उनकी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन का एक साल सफलता पूर्वक पूरा किया है। उन्होंने कहा कि सरकार हिमाचल को हरित राज्य बनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को परिवहन के लिए पहली पसंद बनाने के वास्ते व्यापक स्तर पर काम शुरू किया है। इसके तहत प्रदेश में छह ग्रीन कोरिडोर विकसित किए जा रहे हैं और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों का व्यापक नेटवर्क स्थापित करने के लिए 106 सार्वजनिक स्थानों को चिन्हित किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार ने स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के तहत परिवहन विभाग ने ई-टैक्सी स्कीम शुरू की है।



# नेशनल स्तर में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे मिनर्वा के होनहार

**वैज्ञानिक सम्मेलन**

**8 तीन छात्रों का चयन नेशनल स्तर के बाल वैज्ञानिक सम्मेलन के लिए हुआ है।**



**टीम एक्शन इंडिया /बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

मिनर्वा संस्थान घुमारवीं के तीन होनहार नेशनल स्तर पर आयोजित होने वाले बाल वैज्ञानिक सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर तीनों छात्रों का चयन नेशनल स्तर के बाल वैज्ञानिक सम्मेलन के लिए हुआ है। जोनल स्तर से शुरू हुआ यह सफर अब नेशनल लेबल तक पहुंच गया है। पांच बच्चों ने राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन किया। पाठशाला प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने बताया कि इन बच्चों में वंश बजाज,गरिमा, अखिलेश जोशी, सोनाक्षी व सूर्यांश शामिल रहे। इनमें से वंश बजाज, गरिमा व सोनाक्षी नेशनल के लिए चयनित हुए हैं। बच्चों के साथ गाइड टीचर बबीता गर्ग मौजूद रहीं। वंश का मॉडल पर्वतारोही स्वास्थ्य परिवर्तन पर आधारित है। वंश का मॉडल सेंसर की सहायता से पर्वतारोही ऑक्सीजन की कमी, पल्स जैसी विभिन्न चुनौतियों पर नजर रखेगा। इस मॉडल में पल्स सेंसर की मदद से पर्वतारोहियों की पल्स निरंतरता पर नजर रखी जाएगी और यदि पल्स एक निश्चित मूल्य से नीचे या ऊपर है तो यह जीएसएम की मदद से संबंधित एजेंसी को एक संदेश भेजेगा। ऑक्सीजन कम होने के कारण पर्वतारोही वेहोश हो जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में एक ऐसा माध्यम होने अनिवार्य हो ताकि एसकी एजेंसी तक यह सूचना मिल सके कि पर्वतारोही मुश्किल में है और उसकी पल्स डाउन हो चुकी है जिस पर उन्हें रैस्क्यू की जरूरत है। वंश के मॉडल में पल्स सेंसर लगा हुआ है जो पर्वतारोही के पल्स को लगातार मोनीटर करता रहेगा। वहीं गरिमा ने किसानों के लिए एक प्रोजेक्ट तैयार किया है। मॉडल के जरिए गरिमा बताएगी कि ग्रीन हाउस में कुछ पौधें होते हैं जिनको पानी की ज्यादा जरूरत होती है तो उनके लिए ऑटोमेटिकली जो है एक स्वाइल मोइस्चर सेंसर लगाया हुआ है। वह कंटिन्यूसली मोइस्चर को सेंस करता रहेगा और जैसे उसको लगेगा कि मोइस्चर कम हो गया तो ऑटोमेटिकली पंप ऑन कर देगा।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत आयोजित दो दिवस फूड फेस्ट संपन्न

**सम्मानित**

**8 हिमाचली धाम व केरल व्यंजन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया।**



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने की समापन समारोह की अध्यक्षता दो दिवसीय राज्य स्तरीय फूड फेस्ट 2024 के समापन समारोह की अध्यक्षता करते उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने कहा कि सर्व शिक्षा के अंतर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक दूसरे राज्यों की संस्कृति, खानपान व भाषा का आदान-प्रदान करना है। हिमाचल प्रदेश व केरल राज्य में अनेक क्षेत्रों में आपसी एकरूपता व समानता है तथा दोनों राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। हिमाचल व केरल पर्यटन के लिये विश्व भर में जाना जाता है।ऐसे में इस तरह के उत्सवों व बच्चों के एक्सपोज? विजिट से हमे एक-दूसरे की संस्कृति, खानपान व रीतिरिवाजों को नजदीक देखने का अवसर प्राप्त होता है। उपायुक्त ने डाइट प्रबन्धन को सफ ल आयोजन के लिए बधाई दी तथा कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए ताकि बच्चों को एक दूसरे की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, रीति रिवाजों को समझने का अवसर प्राप्त हो सके। उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने इस अवसर पर आयोजित हिमाचली धाम व केरल व्यंजन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया।

## बिलासपुर में चंबा से चलकर 18 को पहुंचगी सदभावना यात्रा: मदन कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

संत शिरोमणी गुरू रविदास जी महाराज के प्रकाशपर्व से पूर्व पूरे प्रदेश में एक सदभावना यात्रा निकाली जा रही है जो कि 18 फरवरी को बिलासपुर पहुंचेगी। जहां पर इस यात्रा में जिला भर के लोग शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए हुए सदगुरू रविदास जी महाराज सभा बिलासपुर के प्रधान मदन कुमार ने बताया कि चंबा से यह सदभावना यात्रा 17 फरवरी से शुरू होगी जो कांगड़ा हमीरपुर होते हुए 18 फरवरी को बिलासपुर पहुंचेगी।

# स्वीप के माध्यम से जिला में बढ़ेगा मतदान प्रतिशत : मनमोहन शर्मा

**मतदान**

**8 मनमोहन शर्मा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य है**

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/मनीष**



लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सोलन जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों 50-अर्की, 51-नालागढ़, 52-दून, 53-सोलन अ.जा. तथा 54-कसौली अ.जा. में मतदान प्रतिशत को अधिक से अधिक बढ़ाने पर बल दिया जाएगा ताकि लगभग शत-प्रतिशत मतदान दर प्राप्त की जा सके। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने गत सांय सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता स्वीप गतिविधियों को आरम्भ करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य है। इसके लिए यह आवश्यक है कि सभी पात्र मतदाता मतदान करें। उन्होंने कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता ;स्वीपद्ध गतिविधियों के माध्यम से सभी पात्र मतदाताओं को इस दिशा में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का मत लोकतंत्र को मजबूत करने में सहायक बनता है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा जागरूकता के साथ.साथ मतदाताओं की सुविधा के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे स्थानों पर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने पर बल दिया जाएगा जहां गत विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है। जिला में ऐसे सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के सघन प्रयास किए जाएंगे जहां लोकसभा निर्वाचन-2019 तथा विधानसभा निर्वाचन-2022 में मतदान प्रतिशत 60 प्रतिशत से कम रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार अपने मत का प्रयोग करने जा रहे युवाओं के साथ-साथ सभी युवाओं के लिए मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। मनमोहन शर्मा ने जिला निर्वाचन विभाग को निर्देश दिए कि ऐसे सभी पात्र युवा मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र बनाया जाए जिनके नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों के तहत पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने और गलत प्रविष्टियों को सही करवाने के लिए जागरूक किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार से वार्ता के बाद भी नहीं बनी बात, काले बिल्ले लगाकर अभी भी डॉक्टरों का जारी है रोष प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

एनपीए बहाल करने समेत अन्य मांगों को लेकर लगातार डॉक्टर अस्पतालों में प्रदर्शन कर रहे है। बीते कल शिमला में डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम सुक्खू से मुलाकात कर अपनी बात रखी हैए लेकिन डॉक्टरों की इस बैठक में सहमति नही बन पाई है और इसी को लेकर अब डॉक्टरों ने फिर से अपना रोष प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। सोलन क्षेत्रीय अस्पताल में भी डॉक्टरों ने काले बिल्ले लगाकर बुधवार को अपना रोष प्रदर्शन को जारी रखा गया है वहीं ओपीडी में सेवाएं दी जा रही है। हिमाचल मेडिकल ऑफि सर एसोसिएशन सोलन इकाई के प्रधान डॉ कमल अटवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कल उनकी सीएम सुक्खू से अपनी मांगों को लेकर बात हुई है लेकिन कोई भी सहमति नही बन पाई है। सरकार की ओर से एक कमेटी बनाने की बात कही गई है जो इस पूरे मामले को देखेगी और डॉक्टरों की बातों पर विचार करेगीए और उसके बाद सरकार को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। डॉ अटवाल ने कहा कि पिछले साल भी इसी तरह से डॉक्टरों ने अपनी मांगो को लेकर स्ट्राइक की थीएवार्ता के बाद उस समय भी कुछ नहीं हो पाया था अब एक बार फिर सरकार की ओर उन्हें आश्वासन मिला है लेकिन इस बार आश्वासन के भरोसे डॉक्टर नही रहने वाले है। उन्होंने कहा कि जबतक सरकार उनकी मांगों की तरफ ध्यान नही देती है तो आने वाले दिनों में ओपीडी में सेवाएं बन्द भी डॉक्टरों द्वारा की जा सकती है। बता दें कि डॉक्टर लगातार 18 जनवरी से अस्पतालों में एनपीए बहाल करने समेत अन्य मांगों को लेकर काले बिल्ले लगाते हुए रोष प्रदर्शन कर रहे है। इसमे डॉक्टरों की मुख्य मांग एनपीए बहाल करना है इसके साथ ही 4.9.14 की बहाली, एड्स कंट्रोल सोसायटी में परियोजना निदेशक का कार्यभार वापस स्वास्थ्य निदेशक को दिया जाए, इसी के साथ पात्रता एवं वरिष्ठता के आधार पर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, जेडीए डीडीए सीएमओ, एसएमएस, बीएमओ को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति दी जाए और किसी को भी सेवानिवृत होने के बाद एक्सटेंशन न दी जाए।

### भाजपा के समय में मिला है चिट्टा तस्करी को सरंक्षण, कांग्रेस राज में हो रही गिरफ्तारियां: शिवकुमार

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

भाजपा कार्यकाल में नशे का व्यापार करने वाले लोगों को संरक्षण मिला है। यह बात आज कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शिवकुमार ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोलन में प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि जब सोलन जिला चिट्टे का अड्डा बना हुआ था उसे समय भाजपा के लोग कुछ भी नहीं कह रहे थे लेकिन आज कांग्रेस राज में ऐसे लोगों पर नकेल कसी जा रही है।उन्होंने कहा कि जिस तरह से कल भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा का बयान प्रेस वार्ता के दौरान आया है उससे लगता है कि भाजपा चिट्टा तस्करों के बचाव में उतरी है। शिवकुमार ने कहा कि भाजपा को अपना स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए कि वह इस तरह का बयान क्यों दे रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करों पर नकेल कसने के लिए बेहतर कार्य कर रही है और भाजपा को अपने बयान के लिए माफ ी मांगनी चाहिए क्योंकि उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि भाजपा को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह नशा तस्करी के खिलाफ है या फि र उनके साथ है। वहीं उन्होंने किसान आंदोलन को लेकर भी अपनी बात रखी उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में भी किसानों के हाथों में निराशा ही हाथ लगी है आज एक बार फिर किसान अपनी मांगो को लेकर सडकों पर उतर आए हैं और केंद्र सरकार अभी भी चुप्पी साधे बैठी है इस बार के बजट में भी किसानों को उम्मीद थी कि केंद्र सरकार उनके हित में फैसला लेगी लेकिन सरकार कुछ भी नहीं कर पाई है।

वहीं इस दौरान जोगिन्द्रा बैंक के चैयरमैन मुकेश शर्मा ने कहा कि केंद्र से आकर भाजपा नेता यह दावा कर रहे हैं कि आपदा के दौरान हिमाचल प्रदेश को राहत राशि प्रदान की गई है लेकिन सिर्फ बयानों में ही इस बात को रखा जा रहा है हिमाचल प्रदेश को दी जानी वाली राहत राशि अभी तक प्रदेश को नही मिल पाई है, लेकिन बावजूद इसके सुक्खू सरकार ने अपना राहत पैकेज जारी किया है और प्रभावितों को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

## किसानों को डिजिटल प्लेटफ ार्म पर बाजार उपलब्ध कराए जाने की तैयारियां की गई शुरू : डॉ. सुनील चौहान




**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

हिमाचल के लाखों किसानों के यहां पैदा होने वाली सब्जियों फलों को बाजार की कमी से जूझने की लंबे दौर से चली आ रही समस्या का समाधान बड़े डिजिटल प्लेटफ ॉर्म से खोजने के गंभीर प्रयास शुरू हो गए हैं। इसी कड़ी में हिमाचल में फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने के लिए चलाई जा रही हमीरपुर स्थित परियोजना के जरिये ही किसानों को डिजिटल प्लेटफार्म पर बड़ा और निश्चित बाजार उपलब्ध कराए जाने संबंधी कार्ययोजना कुछ महीने पहले तैयार की गई।

इसे जापान इंटरनेशनल को-आपरेशन एजेंसी यानि जाइका ने अब मंजूर कर लिया है। जाइका ने प्रारंभिक तौर पर एक वर्ष के लिए यह पायलट टेस्टिंग आधार पर योजना को धरातल पर उतारने को हरी झंडी दे दी है। आज विधिवत इसे जाइका ने कृषि निदेशक कुमुद सिंह, एचपीसीडीपी हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना के निदेशक डॉ सुनील चौहान, जापान के टोक्यो स्थित जाइका एक्सपर्ट्स आदि ने वर्चुअल बैठक में राज्य में लांच भी कर दिया। इस डिजिटल एग्री मार्केटिंग प्लेटफ ार्म को धरातल पर उतारने का जिम्मा देहात नामक एक निजी कंपनी को दिया गया है। एक साल में इसकी सफलता के आधार पर एचपीसीडीपी से सम्बंधित और राज्य के आम किसानों के लिए इस डिजिटल ढांचे को विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार कदम बढ़ाएगी। परियोजना में हिमाचल सरकार के मीडिया सलाहकार राजेश्वर ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में राज्य के लाखों किसानों के पास अपने यहां पैदा होने वाली तमाम किस्म की सब्जियों जैसे, टमाटर, ब्रोकली, गोभी, मटर, भिंडी, बैंगन, शिमला मिर्च और फ लों में सेब, अमरूद अनार आदि को उचित बाजार नहीं मिल पाता है। राज्य सरकार के जिलों में स्थापित एपीएमसी मंडियों के बाजार में भी किसानों को एक निश्चित आय और क्रेता मिलने की सम्भावनाएं मजबूत नहीं रहती हैं। इससे किसान की चिंता अपने उत्पादों को लेकर इस अनिश्चितता के अलावा मध्यस्थों की बेतहाशा कमीशनखोरी के खेल के कारण भी हर सीजन में बढ़ती जाती है।

## औहर में अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति ने चिट्टे के खिलाफ निकाली रैली

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

जिले की ग्राम पंचायत औहर में बुधवार को अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति द्वारा चिट्टा नशा के खिलाफ छेड़े गए जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर औहर मार्केट में विशाल जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाली अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति के बैनर तले बुधवार को नशे के खिलाफ करारा प्रहार किया गया।



चौदहवीं विधान सभा के पंचम सत्र जोकि प्रदेश सरकार का दूसरा बजट सत्र है को संबोधित करने संदन की ओर प्रोसेशन के साथ जाते राज्यपाल हि.प्र. शिव प्रताप शुक्ल तथा साथ में मौजूद हैं विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां, मुख्यमंत्री हि.प्र. सुखविन्दर सिंह सुक्खू, संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना राज्यपाल के प्रधान निजि सचिव राजेश शर्मा तथा विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा।

# चुनाव प्रकिया के सही संचालन में मास्टर ट्रेनर्स की अहम भूमिका

**प्रशिक्षण शिविर**

**8 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में बोले एडीसी रोहित राठौर**




**टीम एक्शन इंडिया/मंडी**

जिला निर्वाचन कार्यालय मंडी द्वारा डीआरडीए हॉल में बुधवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ करते हुए एडीसी मंडी रोहित राठौर ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के सही संचालन में मास्टर ट्रेनर्स की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि हर बार का चुनाव पिछले चुनाव से कुछ अलग होता है। इसलिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों की सही जानकारी होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनरों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत आगे प्रशिक्षित करना है। इसलिए मास्टर टेऊ नर्स यहां से सही ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करके जाएं।

एडीसी ने कहा कोई भी अधिकारी चुनाव प्रक्रिया के दौरान नियमों को ताक पर रखकर कार्य न करें। जिससे की उन्हें असुविधा का सामना करना पड़े।

अधिकारी चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निदेशों का अक्षरशः पालन करते हुए ही चुनाव प्रक्रिया को पूरा करें। शिविर में एसडीएम सदर ओम कांत ठाकुर ने चुनावों में आदर्श आचार संहिता, व्यय निगरानी, मीडिया शिकायतें, एमसीएमसी और पेड न्यूज के बारे जानकारी दी। एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने ईवीएम-वीवीपैट, मतगणना, चुनाव परिणाम की घोषणा और डाक मतपत्र के बारे में, एसडीएम सुंदरनगर गिरीश सुमरा ने जिला चुनाव प्रबंधन प्लान, पोलिंग पार्टी और मतदान दिवस की व्यवस्था और मतदान केन्द्र के बारे में और अनिल ठाकुर कंप्यूटर प्रोग्रामर ने आई एप्लीकेशन और इटीपीबीएस के बारे में जानकारी प्रदान की।

# उपायुक्त ने केवी सलोह में माता सरस्वती की प्रतिमा का किया अनावरण

**प्रेरित**

**8 -बच्चों के साथ हुए रू-ब-रू, समाज व देशहित में कार्य करने हेतू किया प्रेरित**



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपायुक्त जतिन लाल ने बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर केंद्रीय विद्यालय सलोह में माता सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण किया तथा हवन कार्यक्रम में आहुतियां भी डाली। उपायुक्त ने बसंत पंचमी की सभी को बधाई और शुभकामनाएं भी दी। इस मौके उपायुक्त ने स्कूली बच्चों के साथ कुछ पल बिताए और उनके साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत की। उन्होंने बच्चों को अपने माता-पिता व गुरूजनों का आदर करना एवं समाज व देशहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त जतिन लाल ने केंद्रीय विद्यालय के नव निर्मित भवन का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय भवन आधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया, ताकि बच्चों को उचित व गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने का अच्छा वातावरण मिल सके।

उन्होंने स्कूली अध्यापकों से भी आहवान किया कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें, ताकि बच्चें आसानी से अपना भविष्य संवार सके। डीसी ने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व भारतीय परंपरा में महत्वपूर्ण स्थान रखता है और विद्या की देवी माता सरस्वती को समर्पित यह पर्व विशेष रूप से विद्यालयों में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय का उन्होंने पहली बार दौरा किया है और स्कूल के बच्चों के बीच रहकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया जाएगा। इसके बाद सुचारू रूप से इसी परिसर में कक्षाएं भी आरंभ कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल की प्रगति के लिए जिला प्रशासन भी अपना पूरा सहयोग प्रदान करेगा।

केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य नीलम गुलेरियां ने मुख्यातिथि व अन्य आतिथियों का स्वागत किया गया। इसके अतिरिक्त स्कूली बच्चों द्वारा, सरस्वती वंदना, समूह नृत्य इत्यादि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर, वशिष्ठ अतिथि वरूण मित्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व स्कूली स्टाफ उपस्थित रहा।



चौदहवीं विधान सभा के पंचम सत्र जोकि वर्तमान सरकार का दूसरा बजट सत्र है के अवसर पर सदन में सदस्यों को सम्बोधित करते हि.प्र. के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा साथ में अपने आसन पर बैठे हैं हि.प्र. विधान सभा के माननीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां।

# हिमाचल से अभिषेक मनु सिंघवी जाएंगे राज्यसभा

**अभिभाषण**

**8 हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बजट सत्र के पहले दिन अभिभाषण दिया**



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बजट सत्र के पहले दिन अभिभाषण दिया इस अभिभाषण में उन्होंने राज्य सरकार के 1 साल की उपलब्धियां सदन मे रखी। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने कहा कि उनकी सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नारे को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने अभिभाषण में उन परिणाम का उल्लेख किया गया, जो एक साल में हमें नजर आए हैं। उन्होंने कहा कि खराब आर्थिक स्थिति के बावजूद हिमाचल प्रदेश सरकार ने बेहतरीन काम कियाण उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान राज्य सरकार ने बेहतरीन काम करके दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार के दौरान नौकरी बेचने का काम होता था, लेकिन उनकी सरकार ने आते ही कर्मचारी चयन आयोग को भंग कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व पिछले बजट में ग्रीन स्टेट की परिकल्पना की दिशा में भी राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार लाने की भी बात कही।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्यसभा मामले का रिकॉर्ड निपटारा करके दिखाया है। पहले लोग पटवारी के पीछे भागते थे, लेकिन आप पटवारी लोगों के पीछे भागते है। उन्होंने कहा कि सरकार आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज सुन रही है और उसे मुताबिक काम कर रही है।

सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश

वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने कहा कि राज्यसभा सांसद के उम्मीदवार के तौर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी भी वीरवार को नामांकन करेंगेण इस संदर्भ में बुधवार शाम 7 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी होगी। उन्होंने कहा कि अभिषेक मनु सिंघवी शुभ मुहूर्त में नामांकन करेंगे।

# बिलासपुर में सरकार और प्रशासन का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण : नंदा

**कड़ी निंदा**

**8 पुलिस प्रशासन ने लाठियां बरसाई और हिंसक रवैया अपनाया इसकी भाजपा कड़ी निंदा करती है।**



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा की मीडिया प्रभारी करण नंदा ने कहा कि जिस प्रकार से बिलासपुर में चुने हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति पुलिस और प्रशासन का रवैया रहा वह अति निंदनीय है। चुने हुए विधायकए जिला परिषद के सदस्य और बीडीसी के सदस्य सभी के ऊपर पुलिस प्रशासन ने लाठियां बरसाई और हिंसक रवैया अपनाया इसकी भारतीय जनता पार्टी कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा अगर कोई जन प्रतिनिधि और जनता अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाने का प्रयास कर रहे है, लंबे समय से धरने पर बैठे है तो उनकी आवाज को दबाना नहीं चाहिए अपितु सुनना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता रणधीर शर्मा जो की नैना देवी से विधायक भी है इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे और जनता की आवाज प्रशासन तक पहुंचने का प्रयास कर रहे थे पर प्रशासन सुनने को तैयार ही नहीं था। सरकार का यह कड़ा रुख ठीक नहीं है, पूरा हिमाचल प्रदेश आज इस मुद्दे को लेकर सरकार की निंदा कर रहा है। उन्होंने कहा की बिलासपुर-सोलन सीमा पर स्थित त्रिवेणी घाट में अली खड्ड पर बन रही कीकर-नवगांव पेयजल योजना का निर्माण अब बिलासपुर के लोगों के लिए जीने और मरने का सवाल बन गया है। इस दर्द को सरकार को समझना चाहिए। हिंसा के बाद से प्रशासन मामले को लेकर गंभीर है। बिलासपुर के लोग इस योजना के निर्माण का विरोध लगातार कर रहे हैं। अली खड्ड पर पहले से ही कई पेयजल और सिंचाई की योजनाएं चल रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय परिवार सहायता कार्यक्रम के तहत 67 मामलों को 13.40 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप द्वारा राष्ट्रीय परिवार सहायता कार्यक्रम के 67 मामलों को 13 लाख 40 हजार रुपये की सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यक्रम के तहत चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 166 मामलों को 33 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिला कल्याण अधिकारी केवल सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय परिवार सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत बीपीएल परिवार के प्राथमिक उपार्जक महिला एवं पुरुष, जिनकी मृत्यु 18 से 59 वर्ष के बीच हुई हो के परिवार को 20 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परिवार सहायता कार्यक्रम के आवेदन पत्र तहसील कल्याण अधिकारी या जिला कल्याण अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है। आवेदन पत्र के साथ आयु प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बीपीएल प्रमाण-पत्र, स्थाई निवासी प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की प्रति तथा बैंक बचत खाते की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

### पारंपरिक परिधान की बुनाई से ग्रामीणों की आर्थिकी में आई नई जान

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू**

जाइका वानिकी परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हिमाचल की पारंपरिक परिधानों की बुनाई से ग्रामीणों की आर्थिकी में नई जान आ गई। ग्राम वन विकास समिति बाराहार कुल्लू के अंतर्गत नारायण स्वयं सहायता समूह बरोगी ने 45 दिन के प्रशिक्षण के बाद शॉल, स्टॉल और बास्केट यानी हॉफ जैकेट तैयार कर उसे मार्केट में अच्छी-खासी कीमत मिल रही है। यहां तक कि ट्रेनिंग के दौरान ही 35 हजार रुपए की बिक्री भी हो गई। जाइका के तहत हैंडलूम के मास्टर ट्रेनर जुगत राम ग्रामीणों को आजीविका कमाने के इस रास्ते में मिसाल बन चुके हैं। वह अब तक कुल्लू जिला के 16 स्वयं सहायता समूहों को ट्रेनिंग दे चुके हैं। जिन-जिन स्वयं सहायता समूहों को उन्होंने ट्रेनिंग दी वे अब बेहतरीन क्वालिटी के कुल्लवी शॉल व स्टॉल तैयार कर रहे हैं, जिसे ओपन मार्केट में भी अच्छी कीमत मिल रही है। जुगत राम ने बताया कि नारायण स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित कुल्लू एवं किन्नौरी स्टॉल तैयार करने के लिए शमशी स्थित कुल्लू-किन्नौरी स्टॉल उद्योग ने पांच लाख का ऑर्डर दिया है। ऐसे में जाहिर है कि जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित पारंपरिक परिधान को पहचान मिल चुकी है। मास्टर ट्रेनर जुगत राम ने बताया कि परियोजना के मुख्य परियोजना अधिकारी नागेश कुमार गुलेरिया के अथक प्रयासों से ही आज प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आजीविका कमाने एवं आर्थिकी सुधार का बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे वर्ष 2021 से जाइका वानिकी परियोजना में हैंडलूम सेक्टर में एक मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभा रहे हैं। जुगत राम ने स्वयं सहायता समूहों की इस सफलता के लिए मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया का आभार व्यक्त किया है।

कुल्लू जिले में 106 एसएचजी हैंडलूम सेक्टर में कर रहे काम

जाइका वानिकी परियोजना हैंडलूम सेक्टर में बेहतरीन कार्य कर रही है। जाइका से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तैयार हो रहे हथकरघा एवं बुनकर उत्पादों को नई पहचान मिल रही है। कुल्लू जिले में 106 स्वयं सहायता समूह हैंडलूम सेक्टर से जुड़ हैं, जिनमें 72 ग्रुप एक्टिव तरीके से काम कर रहे हैं। यह परियोजना विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए भी कार्य कर रही है। हिम ट्रेडिशन नामक ब्रांड से उत्पादों की ब्रिकी की जाती है।

### अजय ठाकुर, विशाल भारद्वाज व अमरजीत कौर स्वीप आइकन नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान आम जनता को चुनावी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी के लिए शिक्षित और प्रेरित करने के लिए जिला स्तर पर जिला के तीन महत्वपूर्ण व्यक्तियों को स्वीप आइकन नियुक्त किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने आदेश जारी कर दिए हैं।

## रामपुर में गाडी पलटी, दंपति घायल

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

सदर थाना ऊना के तहत रामपुर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दंपति दोनों घायल हुए है। जिनका क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक रोहित कुमार निवासी घालूवाल अपनी पत्नी सिमरन के साथ कार में सवार होकर मैहतपुर एक शादी समारोह में गया हुआ था। गत दिवस शाम को वापिस घर लौटते हुए रामपुर पहुंचने पर कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार रोहित कुमार व पत्नी सिमरन

घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनका उपचार जारी है।

# दो दशक बाद भी पक्की नहीं हुई उद्योग मंत्री के गृह क्षेत्र की सडक :तोमर

**जर्जर**

**8 उद्योग मंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र की रास्त-मानल-चुनोटी सडक बीते जर्जर हालत में है।**



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान के गृह विधानसभा क्षेत्र की रास्त-मानल-चुनोटी सडक बीते 24 वर्षों से जर्जर हालत में है। लगभग 5 ग्राम पंचायतों के 15 गांव के हजारों ग्रामीण पिछले दो दशकों से सडक की दयनीय स्थिति में सुधार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कई दुखद सडक दुर्घटनाओं में अनेकों निर्दोष लोगों की जान जाने के बावजूद भी सडक के निर्माण के बाद से लेकर आज तक एक बार भी इस सडक पक्का नहीं किया गया है। शिलाई लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी मंडल के अंतर्गत आने वाले उप-मंडल रोनहाट की रास्त-मानल-चुनोटी सडक को सरकार द्वारा लगातार उपेक्षित किया गया है, जिसकी गवाही इसकी वर्तमान खस्ताहालत स्वयं दे रही है। पूर्व भाजपा विधायक बलदेव तोमर ने नाहन में बताया कि सडक का निर्माण वर्ष 2000 में किया गया था, लेकिन यह अभी भी ऊबड़ खाबड़ और जर्जर हालत में है, दुर्घटनाओं की संभावनाओं के चलते यहां सफर करने वाले यात्रियों की जान को अक्सर गंभीर खतरा बना रहता है। इस मामले पर ध्यान न दिए जाने से स्थानीय लोगों को काफी असुविधा हो रही है जो अपने दैनिक आवागमन के लिए इसी सडक पर निर्भर हैं। संबंधित अधिकारियों के पास दर्ज की गई कई शिकायतों के बावजूद आवश्यक फॉरेस्ट क्लियरेंस एक्ट एफ सीए मंजूरी जो सडक के विकास में प्राथमिक बाधा है, वो लगातार अनसुलझी बनी हुई है। इस मुद्दे को तुरंत हल करने में संबंधित अधिकारियों की ओर से गंभीरता की कमी के कारण देरी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। तक ?ीबन 15 किलोमीटर लंबी सडक, जिसे रोड़ कनेक्टिविटी में सुधार के लिए बनाया गया था, अब सरकारी और नौकरशाही उदासीनता के प्रमाण के रूप में खड़ी है। ये सभी आरोप लगाते हुए स्थानीय कांग्रेसी नेता रविंद्र ठाकुर, पूर्व प्रधान यशपाल ठाकुर, पूर्व प्रधान जीत सिंह, नंबरदार अजय पोजटा, संत राम,दौलत राम, जगत सिंह और मंगल सिंह आदि ने बताया कि सडक की हालत न केवल स्थानीय लोगों के दैनिक जीवन को दुर्घटना के भय से प्रभावित करती है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान में प्रशासनिक मशीनरी की दक्षता पर भी सवाल उठाती है।

# अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के भव्य आयोजन को कवायद तेज

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**




मंडी अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव 2024 के भव्य आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। महोत्सव की तैयारियों को लेकर गठित उप समितियों की बैठकों का दौर लगातार जारी है। इसी कम्र में मंगलवार को महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं के आयोजन और वित्तीय संसाधन प्रबंधन के लिए गठित उप समितियों की बैठकें हुईं।

अतिरिक्त उपायुक्त एडीसी रोहित राठौर ने इनकी अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि उप समिति की बैठकों में जो भी चर्चा हुई है उसे शिवरात्रि की आम सभा की बैठक में रखा जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मंडी शिवरात्रि के पारंपरिक स्वरूप की दिखेगी झलक

सांस्कृतिक उप समिति की बैठक में एडीसी रोहित राठौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मंडी शिवरात्रि के पारंपरिक स्वरूप पर फोकस रहेगा। महोत्सव में 9 से 14 मार्च तक सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा।

## ह्यपांचों विस क्षेत्रों के लिए सहायक व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सहायक व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। उन्होंने बताया कि संजय संख्यान सीपीओ, को जिला स्तर का सहायक व्यय पर्यवेक्षक, मनीष कुमार सहायक प्रबंधक यूको बैंक को 41-चिंतपूर्णी (एससी), कुलदीप कुमार एसीएफए, को 42-गगरेट, कमल किशोर सेक्शन ऑफिसर को 43-हरोली, जगदेव सिंह डढवाल डिप्टी मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक को 44-ऊना व दीपक चौधरी एएसीएफए को 45-कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सहायक व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

# जिला बाल संरक्षण के सौजन्य से एक दिवसीय जागरूकता शिविर लगाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन /एसपी जैरथ**

जिला बाल संरक्षण इकाई सिरमौर के सौजन्य से आंगनबाड़ी केंद्र ढांगवाला, ब्लॉक नाहन जिला सिरमौर में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला बाल सरंक्षण इकाई के परामर्शदाता प्रवीन अख्तर के साथ सीडीपीओ ऑफि स नाहन से सुपरवाइजर सरोज और चाइल्ड हेल्पलाइन केस वर्कर राजेंद्र सिंह ने भी भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों और उनके अभिभावकों को उनके बाल आधिकारों के प्रति जागरूक करवाना था। कार्यक्रम की शुरूआत जिला बाल संरक्षण परामर्शदाता प्रवीन अख्तर के द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि जिला बाल संरक्षण के माध्यम से बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से भी जोड़ा जा सकता है जिसके माध्यम से 18 वर्ष तक के बच्चों को जो अनाथ है, हर माह 4,000/रु तक की सहायता राशी प्रदान की जाती है।

उसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री सुखाश्र्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की ओर बताया कि यह सेवा 18 से 27 वर्ष के पूर्ण रूप से अनाथ बच्चों के लिए विभिन्न श्रेणियों में आर्थिक सहायता प्रदान करती है जैसे-शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता,शादी के लिए आर्थिक सहायता, मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता, दुकान खोलने के लिए या कोई वोकेशनल ट्रेनिंग करने के लिए आर्थिक सहायता इत्यादि प्रदान की जाती है।

बच्चों को गुड टच व बेड टच पर के बारे में भी जानकारी दी गई साथ ही बच्चों को सरल रूप से विस्तार पूर्वक समझाया और बाल श्रम एक्ट 1986 व बाल विवाह एक्ट 2006 भी बच्चों को पर भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी स इसके बाद सुपरवाइजर के द्वारा सभी को वो मिलने वाली योजना, स्वास्थ्य और न्यूट्रिशयन पर संपूर्ण जानकारी दी।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व : डोगरा

**बसंत पंचमी**

**8 स्कूल परिसर में मनोहर लाल कानूनगो, प्रबंधक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए**



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

सरस्वती विद्या मंदिर मिडल स्कूल सवाहल में आज 14 फरवरी, 2024 को बसंत पंचमी का पर्व प्रधानाचार्य मीना डोगरा की अध्यक्षता में स्कूल परिसर में मनाया गया जिसमें मनोहर लाल कानूनगो, प्रबंधक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए । इस मौके पर प्रबंधक ने सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा के मुख से उत्पन्न मां सरस्वती देवी जो बुद्धि, शिक्षा,संगीत की देवी है, के बारे में विस्तार से बच्चों को अवगत करवाया। इस दिन भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की पूजा भी की जाती है। उन्होंने बताया कि इस दिन सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी का विवाह भी संपन्न हुआ था जिसके फल स्वरुप इस पर्व को सिख लोग बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। प्रबंधक महोदय ने बच्चों से मां सरस्वती देवी को प्रतिदिन नमन करने के लिए आहवान किया ताकि उनके आशीर्वाद से बच्चे दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मीना डोगरा ने भी बच्चों को मां सरस्वती को प्रतिदिन नमन करने वारे आहवान किया। वंदना देवी जो के विद्या मंदिर में शिक्षक के तौर पर कार्यरत है ने भी मां सरस्वती के बारे में अपने विस्तार से विचार रखें। विद्या मंदिर में अध्यनरत बच्चों ने भी रंगारंग कार्यक्रम पेश किया जिस वारे बच्चों के अभिभावकों ने इस कार्यक्रम को प्रभावशाली ढंग से मनाने के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की। विद्या मंदिर में अध्यनरत बच्चों ने पीले रंग के वस्त्र धारण किए थे जो देखने में बहुत ही सुन्दर लग रहे थे।

# सर्वोदय ह्यूमन एंड नेचर डेवलपमेंट सोसाइटी की कार्यकारिणी गठित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**



सर्वोदय ह्यूमन एंड नेचर डेवलपमेंट सोसाइटी चंबा जिला में आम लोगों को आने वाली समस्याओं से निजात दिलाने का भरसक प्रयास करेगी। यह बात समिति के प्रदेश अध्यक्ष आयुष ने चंबा में पत्रकार वार्ता के दौरान बताई। उन्होंने कहा कि यह एक स्वयंसेवी संस्था है तथा पंजीकृत सोसाइटी है जिसका गठन 2019 में हुआ था। इस समिति का उद्देश्य कोरोना के समय लोगों को मदद पहुंचाना था उसके पश्चात संस्था भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में काम करके समाज के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है।प्रदेश स्तर पर इस संस्था की कार्यकारिणी का गठन जुलाई 2023 में किया गया जिसमे मुख्य तौर पर हिमाचल प्रदेश विधिक संस्थान में कानून की पढ़ाई कर रहे आयुष को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया

संस्था धीरे-धीरे सभी जिलों में अपने जिला कार्यकारिणी का विस्तार कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को संस्था ने कार्यकारिणी का विस्तार जिला चंबा में भी किया है। इसका उद्देश्य यही है कि चंबा के लोगों तक और विकास में संस्था महत्वपूर्ण भागीदारी दे सके। सर्वोदय ने अलीशा शर्मा को जिला अध्यक्षा एकर्मनंय शर्मा को जिला महासचिव, आकांक्षा मरवाह को जिला प्रवक्ता एवं दिव्यांशी को जिला उपाध्यक्षा चुना गया इसके साथ अन्य सदस्य भी है जिन्होंने वालंटियर के रूप में सर्वोदय जिला चंबा कार्यकारिणी के साथ काम करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाई है सोसाइटी बिना किसी लाभ कर रही है। प्रेस वार्ता के दौरान विभिन्न मुद्दों को संस्था ने जिला चम्बा की जनता के समक्ष रखा है जिसमे चम्बा में हर एक परीक्षा के लिए जिला चंबा में परीक्षा केंद्र रखा जाए। इसके अलावा आवारा कुत्तों को एक आश्रय प्रदान करने की बात भी संस्था ने कही। इसी के साथ यह संकल्प भी लिया गया की महिला महावारी को लेकर भी प्रदेश तथा जिला के लोगों को जागरूक किया जाएगा इसके अलावा प्रेस भवन की मांग भी संस्था द्वारा की गई। इस मौके पर समिति के राज्य अध्यक्ष ने कहा की सर्वोदय राज्य कार्यकारिणी का गठन होने के बाद 6-7 निशुल्क सवास्थ के क्षेत्र में कैंप्स करवा चुकी है सर्वोदय का मुख्य उदेश्य चम्बा के विकास में मुख्य भूमिका निभाना है।

# रोटरी क्लब द्वारा रक्तदान शिविर में 40 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



रोटरी क्लब के सौजन्य से सीसीआई राजबन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल मिलाकर 40 यूनिट रक्त इक्_ा किया गया। कैंप का आयोजन करने में सीमेंट कॉरपोरेशन आफ इंडिया के जनरल मैनेजर योगेश बेहरा का बहुत बड़ा योगदान रहा। इसके अलावा उनके ऑफिस के कर्मचारी संजय एवं सुरेंद्र का भी पूर्ण सहयोग रहा सीसीआई के जनरल मैनेजर ने यह वादा किया कि आगे आने वाले समय में भी वह रोटरी क्लब के सहयोग से सीसीआई राजबन में विभिन्न प्रकार की क्रियो का आयोजन करेंगे। रोटरी क्लब के प्रधान कविता गर्ग ने जन-जन तक यह संदेश देने की कोशिश की अगर हम छोटी-छोटी इकाइयों में भी रक्त का दान देते रहेंगे तो हम इस प्रकार से कितने लोगों की सहायता कर सकते हैं जिनको की रक्त की जरूरत होती है। जो रोटी क्लब के मेंबर्स उपस्थित थे रोटेरियन राकेश गर्ग रोटेरियन आनंद किशोर एवं क्लब की प्रधान कविता गर्ग इत्यादि।

# संपादकीय

## किसान आंदोलन की चुनौती का पेंच फंसा?

**वैश्विक स्तर**पर दुनिया सबसे बड़े लोकतंत्र की प्रतिष्ठा का ग्राफ वर्तमान समय में जिस तेजी से ऊंचा उठ रहा है,जिस तरह भारत विश्व का जनबंधु होकर उभर रहा है और अपने लक्ष्य 2047 विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है,यह देखकर दुनियां हैरान है। उसी भारत में चुनावीमहापर्व मुहाने पर खड़ा है। यानें संभावित अप्रैल 2024 माह से चुनाव शुरू हो सकता है जिसकी अधिसूचना शायद मार्च की शुरूआत में निकाल सकती है।परंतु जैसे कि अनेक मुद्दों को देखते हुए किसी खास पार्टी की जीत पक्की मानी जा रही है और अबकी बार 50 पर्सेंट वोटिंग शेयर पार सहित 400 पार का नारा दिया जा रहा है, उसमें पेंच फंसता हुआ नजर आ रहा है। यदि तुरंत इससे सुलझाया नहीं गया तो 50 पर्सेंट वोटिंग शेयर सहित 400 पर्सेंट पार लक्ष्य पर ग्रहण लग सकता है, क्योंकि पंजाब हरियाणा साहित कुछ राज्यों की लोकसभा सीटों पर सीधा असर पड़ सकता है दक्षिण से तो वैसे भी बेहद कम उम्मीद है और केवल उत्तर के भरोसे 50 पर्सेंट वोट शेयरिंग और 400 पार मुमकिन नहीं लगता। एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि किसान 72 करोड़ से अधिक हैं यदि ऐसा है तो विपक्ष के जबरदस्त टेके से हो सकता है गेम पलट जाए क्योंकि यह राजनीति है, कुछ स्थाई नहीं होता कुछ भी हो सकता है, जैसे बिहार की पलटी 13 फरवरी 2024 को महाराष्ट्र के पूर्व सीएम की पलटी को रेखांकित करना जरूरी है। चूंकि 13 फरवरी 2024 को हमने किसान आंदोलन को टीवी चैनल के माध्यम से जबरदस्त रार के रूप में देखें जिससे 400 पार का लक्ष्य या तार तार हो सकता है इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव 2024 की दहलीज पर किसान आंदोलन को सुलझाए बिना लक्ष्य 50पर्सेंट वोट शेयर और 40 पार पर संकट को रेखांकित करना होगा। साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव 2024 की दहलीज पर किसान आंदोलन की करें तो, लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक पहले किसान एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। जिस समय राम मंदिर निर्माण के जोश से लबरेज पार्टी अपने पूरे वेग में आगे बढ़ रही थी और पीएम 400 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रहे थे, किसान उसके रास्ते में आकर खड़े हो गए हैं। यह माना जा रहा है कि यदि यह मामला नहीं सुलझा, तो पार्टी को इससे नुकसान हो सकता है। तीन-तीन बड़े केंद्रीय मंत्री जिस तरह इस मामले को सुलझाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, उससे भी यह समझ आ रहा है कि पार्टी को भी इससे नुकसान होने की आशंका है। लेकिन बड़ा प्रश्न यही है कि यदि किसानों का आंदोलन पहली बार की तरह ज्यादा आक्रामक हुआ तो इससे भाजपा को कितना नुकसान हो सकता है? राजनीति के कुछ लोगों का मानना है कि अपनी खोई सियासी जमीन दोबारा हासिल करने के लिए अकाली दल पंजाब के किसान संगठनों को पैसा और संसाधन देकर इस आंदोलन को हवा दे रही है। यानी किसानों की आड़ में राजनीति ज्यादा हो रही है और किसानों का हित करने का इरादा कम है। इधर, उधर अध्यक्ष ने भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के एक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में एलान कर दिया है कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है, तो किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी।

# कितनी व्यावहारिक है एमएसपी कानून की मांग?

आशीष वशिष्ठ

"स्पष्ट रूप से, समस्या कृषि या आर्थिक नहीं है बल्कि पूरी तरह से राजनीतिक है, जिसे 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले प्रयोजित किया गया है और व्यापक भ्रष्टाचार के रडार के तहत राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित किया गया था। 45 लाख करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 25) के बजट व्यय से, सालाना 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का विचार एक वित्तीय आपदा के बराबर है जो स्पष्ट रूप से हमारी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार देगा। वहीं यदि किसान संकट में हैं, तो अन्य समुदाय भी अपने आर्थिक और कारोबारी संकट लेकर सडक पर उतर सकते हैं"

**दो साल** बाद किसान फिर से सड़कों पर हैं। किसानों की मुख्य मांग सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी वाला कानून। किसान सरकार से एमएसपी कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। अभी एमएसपी को कानूनी दर्जा हासिल नहीं है। इसका मतलब है कि यह सरकार पर निर्भर करता है कि वह किसानों को एमएसपी का फायदा देगी या नहीं। तीन केंद्रीय मंत्रियों के साथ हुई वार्ता में बिजली कानून, 2020 को रद्द करने, लखीमपुर के किसानों को मुआवजा, पिछले आंदोलन में मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा, किसानों पर दर्ज आपराधिक मामलों की वापसी आदि मुद्दों पर लगभग सहमति बन गई है, लेकिन बुनियादी गतिरोध न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी के गारंटी कानून पर है। सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी वाला कानून। एमएसपी किसानों को दी जाने वाले एक गारंटी की तरह होती है, जिसमें तय किया जाता है कि बाजार में किसानों की फसल किस दाम पर बिकेगी। दरअसल, फसल की बुआई के दौरान ही फसलों की कीमत तय कर दी जाती है और यह तय कीमत से कम में बाजारों में नहीं बिकती है। एमएसपी तय होने के बाद बाजार में फसलों की कीमत गिरने के बाद भी सरकार किसानों को तय कीमत पर ही फसलें खरीदती है। सरल शब्दों में कहें, तो एमएसपी का उद्देश्य फसल की कीमत में उतार-चढ़ाव के बीच किसानों को नुकसान से बचाना है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि सरकार एमएसपी पर अपनी नीति को स्पष्ट क्यों नहीं करती? यदि एमएसपी गारंटी कानून व्यावहारिक, संभव नहीं है, तो सरकार किसानों को अपना फैसला क्यों नहीं बताती? क्या आम चुनाव के मद्देनजर यह जोखिम नहीं उठाया जा सकता? कृषि मंत्रालय खरीफ, रबी सीजन समेत अन्य सीजन की फसलों के साथ ही कमर्शियल फसलों पर एमएसपी लागू करता है। वर्तमान में देश के किसानों से खरीदी जाने वाली 23 फसलों पर एमएसपी लागू की गई है। केंद्र सरकार फसलों पर एमएसपी दर लागू करती है और राज्य सरकारों के पास भी एमएसपी लागू करने का अधिकार है। केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से साल 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग यानी सीएसीपी का गठन किया था। यह हर साल रबी और खरीफ फसलों के लिए



एमएसपी तय करती है। पहली बार 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। सीएसीपी के द्वारा की जाने वाली सिफारिशों के आधार पर ही सरकार हर साल 23 फसलों के लिए एमएसपी का ऐलान करती है। पिछले दो-तीन वर्षों के दौरान लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि एमएसपी भारत के कृषि कार्यों का अभिन्न अंग है। हालांकि, यह सच्चाई से कोसों दूर है, वित्त वर्ष 2020 के लिए कुल एमएसपी खरीद रु. 2.5 लाख करोड़, यानी कुल कृषि उपज का 6.25 प्रतिशत थी और एमएसपी के तहत उपज का लगभग 25 प्रतिशत थी। असल में गेहूं और धान की फसलों की खरीद ही एमएसपी पर होती है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा और भंडारण के लिए सरकार को इन फसलों की व्यापक खरीद करनी पड़ती है। सरकार जिन 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटती है, उसके लिए भी थोक में बंदोबस्त करना अनिवार्य है। इसके बावजूद करीब 12-14 फीसदी किसानों को ही खरीद का लाभ मिल पाता है। शेष 85 फीसदी से अधिक किसान छोटे और सीमांत हैं। वे सरकारी खरीद के दायरे में बहुत कम आ पाते हैं। इसके अलावा, सरकार के लगातार प्रचार के बाद मोटे अनाज में अब बाजरे की खेती का क्षेत्र बढ़ा है, लिहाजा उसकी खरीद भी बढ़ी है। बाजरे का एमएसपी अच्छा-खासा घोषित किया जाता है। अब, यदि एमएसपी गारंटी कानून लाया जाता है, तो सरकार की नजर अतिरिक्त व्यय पर भी होगी जो सालाना यानी हर साल कम से कम 10 लाख करोड़ का होगा। इसे दूसरी तरह से देखा जाए तो यह लगभग उस व्यय जोकि 11.11 लाख करोड़ रुपये के बराबर है जो इस सरकार ने हाल के अंतरिम बजट में बुनियादी ढांचे के लिए अलग रखा है। 10 लाख करोड़ पिछले सात वित्तीय वर्षों में हमारे बुनियादी ढांचे पर किए गए वार्षिक औसत व्यय से भी अधिक है। साफ है कि एमएसपी कानून की मांग का कोई आर्थिक या राजकोषीय मतलब नहीं है, और यह सरकार के खिलाफ एक राजनीति से प्रेरित तर्क है। हालांकि, भले ही, तर्क के लिए, कोई यह मान ले कि 10 लाख करोड़ की लागत सरकार द्वारा वहन की जा सकती है तो फिर पैसा कहां से आएगा? क्या हम एक नागरिक के रूप में, बुनियादी ढांचे और रक्षा में सरकारी खर्च होने वाले सरकारी खर्च की भारी कटौती को कम करने के लिए तैयार हैं? या प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के माध्यम से अधिक कराधान के विचार से सहमत हैं? लोकसभा चुनाव अब बमुश्किल दो महीने दूर है। लिहाजा सियासी तड़का भी लग रहा है। देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस ने गारंटी कार्ड खेल दिया है- सत्ता में आए तो सबसे सबसे एमएसपी को कानूनी गारंटी देने का कानून लाएंगे। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को किसान आंदोलन में सियासी लाभ का मौका दिख रहा तो मोदी सरकार बातचीत के जरिए किसानों को मनाने और बात न बनने पर उन्हें दिल्ली पहुंचने से रोकने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। किसान संगठनों की अपनी मांगें हैं लेकिन आंदोलन की टाइमिंग सवाल खड़े कर रही।

चुनाव से पहले ही आंदोलन क्यों? क्या टाइमिंग की वजह से आंदोलन से सियासत की बू नहीं आ रही? वैसे जब भीड़तंत्र के आगे सरकारें सरेंडर करने लगेंगी तो आंदोलन के नाम पर अराजकता से सत्ता को झुकाने की कोशिशें तो होंगी ही। दो साल पहले का किसान आंदोलन देशवासी भूले नहीं हैं। देश की राजधानी को आंदोलन के नाम पर तकरीबन एक साल तक बंधक बनाकर रखा गया। हत्या, रेप, हिंसा...किसान आंदोलन के दौरान क्या-क्या नहीं हुआ। आंदोलन के नाम पर अराजकता का नंगा नाच दिखा। निस्संदेह, किसी भी संगठन को आंदोलन करने का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन प्रयास होना चाहिए कि आंदोलन हिंसक रूप न ले और आंदोलन योजनाबद्ध ढंग से तार्किक परिणति तक पहुंचे। किसानों के रवैये को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। परिवहन व्यवस्था सुधारने के बाबत सुप्रीम कोर्ट की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है। निस्संदेह, किसानों को अपनी जायज मांगें रखनी चाहिए, वहीं सरकार को भी किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार दिखाना चाहिए। वहीं किसानों को भी आने वाले समय में खेती में आने वाली चुनौतियों को भी नजर में रखना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग, भूजल संकट और अन्य खामियों को दूर करने समेत दीर्घकालीन लक्ष्यों के लिये प्रयास तेज करने चाहिए। सरकार की दलील रही है कि इतने बड़े देश में हर फसल को एमएसपी के दायरे में लाना व्यावहारिक न होगा और उसका अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ेगा। लेकिन इसके बावजूद हम स्वीकारें कि आज खेती घाटे का सौदा बन गई है। खेती तो क्या, किसी भी उत्पाद का मूल्य सरकार तय नहीं कर सकती।

स्पष्ट रूप से, समस्या कृषि या आर्थिक नहीं है बल्कि पूरी तरह से राजनीतिक है, जिसे 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले प्रयोजित किया गया है और व्यापक भ्रष्टाचार के रडार के तहत राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित किया गया था। 45 लाख करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 25) के बजट व्यय से, सालाना 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का विचार एक वित्तीय आपदा के बराबर है जो स्पष्ट रूप से हमारी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार देगा। वहीं यदि किसान संकट में हैं, तो अन्य समुदाय भी अपने आर्थिक और कारोबारी संकट लेकर सडक पर उतर सकते हैं।

# कविता

धूप है बहुत चलने का वादा तो करो।

धूप है बहुत चलने का वादा तो करो।
भीड़ है निकल आने का इरादा तो करो।।

सो जाऊगा गहरी नींद पल दो पल।
सपनो में आने का,दावा तो करो।।

जमाना ऐसा ही है,ऐसा ही रहेगा।
थोड़ा मुस्कुराने में इजाफा तो करो।।

मजबूर नहीं करते,साथ चलने को।
पायल छनकाने का वादा तो करो।।

बेरंग,बेनूर जिंदगी क्यों जिए हम।
प्यार के रंगों का इजाफा तो करो।

'संजीव' हवाओं पर लिखते है,नाम।
न भूल पानें का झूठा इरादा तो करो।।

संजीव

## कृष्ण और वसंत

गिरीश्वर मिश्र

**श्रीकृष्ण** भाव पुरुष हैं। परब्रह्म के पूर्ण प्रतीक जो लीला रूप में अनुभवगम्य होते हैं। अक्षय स्नेह के स्रोत रस से परिपूर्ण श्रीकृष्ण इंद्रियों के विश्व में आनंद के निर्झर सरीखे हैं। उनका सान्निध्य चैतन्य की सरसता के साथ सारे जगत को आप्लावित और प्रफुल्लित करता है। श्रीमद्भगवद्गीता में विभूति योग की व्याख्या करते हुए श्रीकृष्ण खुद को ऋतुओं में वसंत घोषित करते हैं : ऋतूनाम् कुसुमाकरः । श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध में रास प्रवेश करते हुए उनकी निराली छवि कामदेव को भी लजाने वाली है। गोपियों के सामने भगवान श्रीकृष्ण अपने मुस्कराते हुए मुखकमल के साथ पीताम्बर धारण किए तथा वनमाला पहने हुए प्रकट हुए। उस समय वे साक्षात मन्मथ यानी कामदेव का भी मन मथने वाले लग रहे थे। श्रीकृष्ण अप्रतिम सौंदर्य और लावण्य के आगार हैं तो काम को सौंदर्य के मानदंड की तरह रखा गया है। भारतीय संस्कृति में कामदेव की संकल्पना अत्यंत प्राचीन है। इच्छा और कामना की प्रतिमूर्ति के रूप में काम शब्द का प्रथम उल्लेख ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में मिलता है जिसके ऋषि परमेष्ठी प्रजापति हैं, और देवता हैं परमात्मा। व्यक्त और अव्यक्त रूपों वाले कामदेव मन्मथ, अतनु, अनंग, कंदर्प, मदन, पुष्पधन्वा आदि कई नामों से जाने जाते हैं। उनको लेकर अनेक कथाएं और मिथक भी प्रचलित हैं। एक कथा यह है कि कामदेव ब्रह्मा के मन से जन्मे थे। कहते हैं वसंत पंचमी की तिथि पर कामदेव का धरती पर आगमन हुआ। वे धनुष बाण से सज्जित रहते हैं। गन्ने (यानी मधु!) से बने धनुष, भ्रमरों की पंक्ति वाली डोरी (प्रत्यंचा) और फूलों के बाण के साथ वह किसी को भी बेध सकते हैं। जहां सौंदर्य है वहीं काम की उपस्थिति है जैसे-यौवन, स्त्री, सुंदर पुष्प, गीत, पराग कण, सुंदर उद्यान, वसंत ऋतु, चंदन, मंद समीर आदि । आनंद, उल्लास, हर्ष, कामना, इच्छा, अभीष्ट, स्नेह, अनुराग आदि के भाव काम की ही अभिव्यक्तियां हैं। जीवन में काम केंद्रीय है और धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ उसे भी पुरुषार्थ का दर्जा मिला हुआ है ।एक कथा के अनुसार देवताओं को तारक असुर के विरुद्ध युद्ध के लिए सेनापति की आवश्यकता हुई। कामदेव की सहायता से शिव का ध्यान पार्वती की ओर आकृष्ट किया गया जिससे शिव की तपस्या भंग हुई। उन्होंने ने क्रुद्ध होकर तीसरे नेत्र से कामदेव को भस्म कर दिया। कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर शिव ने कामदेव को प्रद्युम्न के रूप में जन्म पाने की अनुमति दी ।

फिर श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में कामदेव ने जन्म लिया था। वर्षपर्यंत की भारतीय काल-यात्रा का आरंभ चैत्र मास से होता है और तभी वसंत भी शुरू होता है। वसंत ऋतु समग्रता और पूर्णता का प्रतीक होती है जिसमें विकासमान प्रकृति कुसुमित, प्रफुल्लित, प्रमुदित रूप में सजती-संवरती है। महाकवि कालिदास के शब्दों में इस ऋतु में सब कुछ प्रिय हो उठता है : सर्वम् प्रिये चारुतर वसंते (ऋतु संहार, 6,2 )।

# विचार

## डबल इंजन की सरकार : यहां भी है वहाँ भी

निर्मल रानी

**विगत दस वर्षों** से भारतीय राजनीति में कई 'नवगढ़ित' शब्दों ने राजनैतिक शब्दावली में अपनी जगह बनाई है। ऐसा ही एक शब्द है 'डबल इंजन की सरकार '। यानी जिस दल की केंद्र में सरकार उसी दल की सरकार का राज्य में भी होना। और यदि 'डबल इंजन की सरकार ' बन भी जाये तो भी सत्ताधीशों की हवस यहीं खत्म नहीं होती। बल्कि फिर यह 'ट्रिपल इंजन की सरकार ' की बात भी करने लग जाते हैं। यानी इनकी इच्छानुसार स्थानीय निकाय से लेकर दिल्ली की संसद तक हर जगह एक ही दल का परचम लहराये। हालांकि स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान जहाँ एक मजबूत सरकार होती है वहीँ मजबूत विपक्ष भी उस मजबूत सरकार को नियंत्रित रखने के लिये जरूरी समझा जाता है। परन्तु 2014 में नरेंद्र मोदी के केंद्रीय सत्ता में आने के बाद विपक्ष विहीन लोकतंत्र स्थापित करने की कोशिश की जा रही है और राज्यों में यह माहौल पैदा किया जा रहा है कि केवल डबल इंजन की सरकार ही किसी राज्य को तरक़्क़ी के रास्ते पर ले जा सकती है। दुर्भाग्यवश ऐसी भी कई मिसालें हैं जहाँ भाजपा चुनाव परिणामों में तो कई राज्यों में सत्ता में नहीं आ सकी परन्तु उसने खरीद-फरोख़्त कर या डरा धमका कर या फिर लोभ लालच देकर यानी येन केन प्रकारेण डबल इंजन की अपनी सरकार बना डाली।

पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के झाबुआ के गोपालपुरा में जनजातीय समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करते हुये अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया व अनेक योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जहां सरकार की अनेक योजनाओं का जिक्र किया वहीं उन्होंने बड़े गर्व के साथ यह भी बताया कि -'मध्यप्रदेश देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम करती है'। यहां एक अहम सवाल यह उठता है कि नरेंद्र मोदी स्वयं जब 2001 से लेकर प्रधानमंत्री बनने से पहले यानी 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे उस दौरान उनके शुरूआती मुख्यमंत्रित्व काल में ही यानी 2004 तक ही केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार सत्ता में थी। यह वही वाजपेई काल था जब 2002 के गुजरात नरसंहार के बाद वाजपेई ने मोदी को राजधर्म निभाने का उपदेश दिया था और गुजरात की बेलगाम हिंसा से आहत होकर कहा था कि 'मैं दुनिया को क्या मुंह दिखाऊंगा ? ' जबकि उसके बाद 2014 तक यानी दस वर्षों तक तो केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार सत्ता में थी। परन्तु नरेंद्र मोदी ने इसी दौरान गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात और इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किये तथा उद्योग व पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने का प्रयास किया। यहाँ तक कि गुजरात के उसी कथित विकास मॉडल को लेकर 2013 में चुनाव प्रचार के दौरान यह भी कहते सुने गये कि केंद्र में सत्ता में आने के बाद पूरे देश में गुजरात मॉडल लागू करेंगे।

गोया नरेंद्र मोदी के अनुसार गुजरात ने उनके कार्यकाल में ही विकास की अभूतपूर्व इबारत लिखी। सवाल यह कि जब राज्य में उस समय डबल इंजन की सरकार नहीं थी तो गुजरात का विकास बिना केंद्र सरकार के सहयोग के कैसे संभव हुआ ? दिल्ली व पंजाब सहित उड़ीसा,दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर के कई राज्य इस समय भी गैर भाजपाई सरकारें चला रहे हैं। क्या वहां विकास नहीं हो पा रहा ? और इस बात की भी क्या गारंटी है कि डबल इंजन की सरकार ही विकास कर सकती है ? यदि वे मध्य प्रदेश की सरकार को देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बताते हुये यह कहते हैं कि डबल इंजन की सरकार ही विकास का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बन सकती है' तो उन्हें मणिपुर का भी उदाहरण जरूर देना चाहिये जहाँ डबल इंजन की भाजपा सरकार के रहते हुए ही वह सब कुछ हुआ जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में अब तक किसी भी राज्य में नहीं हुआ। शायद छोटा व दूरस्थ पहाड़ी राज्य होने के नाते मणिपुर की हिंसा पर न ही प्रधानमंत्री ने कोई बयान दिया न ही राज्य के मुख्यमंत्री ने त्यागपत्र दिया ? वहां तो राज्य के भाजपाई मंत्रियों विधायकों संसद व अन्य भाजपा नेताओं के घरों तक को आग लगा दी गयी ? उस समय डबल इंजन की सरकार ने मूकदर्शक बने रहने के सिवा और कौन सा तीर मार दिया ?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## बातें वेलेंटाइन की

डॉ. सुरेश कुमार

**उनका** नाम चिंतामणि है। हमेशा चिंता करते रहते हैं। उनकी चिंता के चलते उनका गंजा सिर मणि समान चमकता रहता है। यही कारण है कि उनका नाम चिंतामणि हो गया। वे आजकल देर शाम बैठकें आयोजित कर रहे हैं। या यूँ कहें कि बैठकों के नाम पर अपने पर्सनल अजेंडे को पूरा करने का काम कर रहे हैं। एक दिन बैठक समाप्त करने के बाद वे मेरे पास आए और बोले, देखते नहीं वेलेंटाइन आ रहा है और तुम हो कि बैठक से गायब रहते हो। विरोध करने के लिए आज मैंने चिंतन शिविर का आयोजन किया था। उसी का यह तीसरा दिन है। मैंने कहा, इसमें विरोध करने जैसी क्या बात है? लड़का-लड़की प्यार नहीं करेंगे तो आप और हम करेंगे। वैसे भी आप तो सदा लोगों के साथ रहने वाले मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। वेलेंटाइन के विरोध से आपका क्या लेना-देना? वे बोले, तुम तो रहने ही दो। तुम्हारी कोई लड़की तो है नहीं। इसीलिए निश्चिंत हैं। ये नादानी वाली बातें करना छोड़ दें। आज चिंतन शिविर में यह प्रस्ताव पारित हुआ कि देश की संस्कृति इस वेलेंटाइन की वजह से भ्रष्ट हो रही है। युवा गलत दिशा में जा रहा है। कुल मिला कर विरोध नहीं किया तो परिणाम गलत होना है। मैंने कहा, चिंतामणि जी, वैसे आपकी भी तो कोई बेटी है नहीं। फिर काहे का मुफ्त का चंदन घिस मेरे नंदन की तर्ज पर मुझे लपेटे जा रहे हैं। वेलेंटाइन में लड़का-लड़की को देखकर इतना भड़क क्यों जाते हैं आप? साल के बाकी दिन भी तो लड़के-लड़कियाँ मिलते हैं। तब तो कोई दिक्कत नहीं होती आपको? चिंतामणि जी का माथा ठनका बोले, मुझे लगा था आप नियमित रूप से पत्र-पत्रिकाओं में लिखते रहते हैं, समझ भी अच्छी खासी होगी। लेकिन आप तो निरा मूरख निकले। अरे भई युवाओं के पास तो मजे मारने और मिलने-जुलने के 365 दिन हैं लेकिन हमें अपने स्वार्थ साधने के लिए जो चंद दिन मिलते हैं वेलेंटाइन उनमें से एक महत्वपूर्ण अवसर है। विरोध जितना तीखा होगा, उसके लाभ उतने ही ज्यादा होंगे। आज के चिंतन शिविर में मैंने कुछ स्थानों का चिह्नांकन करवाया है। उदाहरण के लिए लैला-मजनूँ उद्यान, खाओ-पिओ मौज उड़ाओ रेस्त्रां, लूटो मॉल, कामायनी सिनेमागृह, बियाबान, टेढ़े-मेढ़े रास्ते, दिलशाद गार्डन और मधुशाला बीयरबार सभी जगह अपने लोगों की तैनाती करवाना है। सोचा था आप कुछ काम आयेंगे। लेकिन आप तो फिसड्डी निकले।

## वैश्विक नेतृत्व की जिजीविषा पैदा करेंकुर्सीलाल और

संजीव

हमें स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष हो चुके हैं । हम स्वाधीनता का अमृत महोत्सव वर्ष मना रहे हैं पर इस अमृत महोत्सव के पीछे हमें यह नहीं भूलना है कि भारत देश अब एक स्वतंत्र, आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। अब समय आ गया है कि भारत के तमाम बुद्धिजीवियों,नौजवानों के वैज्ञानिकों और शिक्षित देशवासियों को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर होने की क्षमता को द्विगुणित करना होगा और विश्व के एक प्रबल नेता की तरह हमें अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी होगी। कई वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेको जीवन का बलिदान देने और विभिन्न कठोर संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस स्वतंत्रता और स्वाधीनता के मूल्य और इसकी अंतर्निहित शक्ति को देश के नौजवानों,शिक्षित नागरिकों को आत्मसात कर इसे पहचानना होगा' समाज के हर वर्ग की खून पसीने और पीढीयों के संघर्ष के बाद प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है। स्वतंत्रता के महत्व को समझ कर भारत को वैश्विक स्तर पर श्रेष्ठतम मुकाम पर पहुंचाना होगा तब जाकर स्वाधीनता के सही मायने फलीभूत होंगे। हमें स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और बलिदान को किसी भी क्षणों में नहीं भुलाना चाहिए, हमें हाथ में रखकर किसी ने परोस के स्वतंत्रता नहीं दी है, इसके लिए बहाये हुए खून पसीने को विश्मृत न कर के इस की आन बान शान को हमेशा ऊंचा रखना होगा। कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए इसके लिए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा।

स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं।



# कियारा आडवाणी

## को पहली एनिवर्सरी पर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने दिया था ये खास तोहफा, बताते हुए शर्मा गईं एक्ट्रेस

सिद्धार्थ मल्होत्रा (Sidharth Malhotra) और कियारा आडवाणी (Kiara Advani) बॉलीवुड के सिजलिंग कपल माने जाते हैं। पिछले साल इन्होंने जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में शाही अंदाज में शादी की थी। 7 फरवरी को कियारा और सिद्धार्थ की शादी को एक साल पूरे हो गए। अपनी पहली एनिवर्सरी कपल ने किस तरह मनाई और सिद्धार्थ ने कियारा को तोहफे में क्या दिया, इसका खुलासा कियारा ने कर दिया है।

**सिद्धार्थ-कियारा ने सेलिब्रेट की पहली एनिवर्सरी**

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी बॉलीवुड के मोस्ट लव्ड कपल में से एक हैं। दोनों हमेशा अपने खास पलों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। रील लाइफ के साथ-साथ कपल रियल लाइफ में भी काफी हिट है। पब्लिक प्लेटफॉर्म पर भी यह कपल एक दूसरे के लिए अपना प्यार दिखाने में पीछे नहीं रहता। हाल ही में कियारा से पूछा गया कि पहली एनिवर्सरी में सिद्धार्थ से उन्हें क्या मिला। इसका उन्होंने कुछ ऐसा जवाब दिया, जिसे कहने के बाद वह खुद शर्मा गईं।

**कियारा को तोहफे में मिली थी ये चीज**

सिद्धार्थ और कियारा हाल ही में एक फंक्शन में पहुंचे। यहां मीडिया इंटरैक्शन के दौरान कियारा से





पूछा गया कि पहली एनिवर्सरी पर सिद्धार्थ ने उन्हें क्या गिफ्ट दिया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, बहुत सारा प्यार। पैपराजी के इस सवाल का जवाब देने के साथ ही कियारा खुद शर्म से लाल हो गईं।

**सिद्धार्थ-कियारा वर्कफ्रंट**

कपल की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें, तो 19 जनवरी को सिद्धार्थ की कॉप सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स रिलीज हुई थी। यह रोहित शेट्टी (Rohit Shetty) के डायरेक्शन में बनी वेब सीरीज है, जो कि ओटीटी पर रिलीज हुई। वहीं, बड़े पर्दे पर फैंस उन्हें योद्धा में देखेंगे, जो कि 15 मार्च, 2024 को रिलीज हो रही है।बात अगर कियारा आडवाणी की करें, तो उन्हें आखिरी बार 2023 में रिलीज हुई सत्यप्रेम की कथा फिल्म में देखा गया था। एक्ट्रेस की अपकमिंग फिल्म में गेम चेंजर शामिल है, जो कि राम चरण के साथ होगी।

## जिसका कई महीनों से था इंतजार, सलमान खान की उस पिक्चर की शूटिंग शुरू होने वाली है



सलमान खान किसी ना किसी वजह से सुर्खियों का हिस्सा बने रहते हैं. कभी बिगबॉस तो कभी अपनी फिल्मों को लेकर. अब भाईजान डायरेक्टर विष्णुवर्धन के साथ अपकमिंग फिल्म को लेकर छाए हैं. दरअसल, इस पिक्चर की बात पिछले साल से हो रही है. लेकिन, अब बताया रहा है कि सलमान इसकी शूटिंग शुरू करने वाले हैं. अब वो कब और किस दिन शूटिंग स्टार्ट करेंगे चलिए जानते हैं.करण जौहर के साथ सलमान खान की एक्शन मूवी को लेकर 6 महीने से बातें चल रही हैं. दरअसल, जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं उसको करण ही प्रोड्यूस करने वाले हैं. जबकि, 'शेरशाह' के डायरेक्टर विष्णु वर्धन इसे डायरेक्ट करेंगे. ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान फिल्म की शूटिंग मई में शुरू करने वाले हैं. हालांकि, अभी इसपर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है.

**क्या रंग लाएगा सलमान-शेरशाह के डायरेक्टर का ये कोलैबोरेशन**

शेरशाह जैसी सुपहिट फिल्म देने वाले डायरेक्टर के साथ सलमान का ये कोलैबोरेशन बेहद शानदार होने वाला है. फैंस भी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. कहा जा रहा है कि फिल्म के लिए सलमान ने काफी ट्रांसफॉर्मेशन भी किया है. रिपोर्ट्स का ये भी कहना है कि इस मूवी में दर्शकों को कुछ ऐसे एक्शन सीन देखने को मिलेंगे, जो पहले कभी नहीं देखे होंगे.

**क्रिसमस 2024 में है रिलीज की प्लानिंग**

वहीं, रिपोर्ट्स के अनुसार, मेकर्स इस फिल्म को क्रिसमस 2024 पर रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं. खास बात ये है कि जैसे पठान में फैंस को सलमान का कैमियो देखने को मिला था. ठीक वैसे ही शाहरुख खान अपने खास दोस्त की इस फिल्म में कैमियो करेंगे. फिल्म के लिए सलमान ने जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया. अब इसका फायदा उन्हें कितना मिलता है देखना दिलचस्प होगा.

## कतर में फंसे भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को छुड़ाने में शाहरुख खान का हाथ? सामने आई सच्चाई



शाहरुख खान ने उन तमाम दावों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा जा रहा था कि कतर में कैद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को देश वापस लाने में वो शामिल रहे हैं. शाहरुख की मैनेजर पूजा ददलानी ने किंग खान की ओर से बयान जारी कर साफ किया कि इस मामले में किंग खान के शामिल होने की चर्चा निराधार है.पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर मंगलवार को दावा किया कि कतर से नौसैनिकों को छुड़ाने में शाहरुख खान ने भूमिका निभाई है. उन्होंने लिखा, मोदी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) को अपने साथ शाहरुख खान को कतर ले जाना चाहिए क्योंकि जब विदेश मंत्रालय और एनएसए कतर के शेखों को मनाने में फेल हो गए तो मोदी ने खान से हस्तक्षेप की गुजारिश की. इसके बाद हमारे नौसेना अधिकारियों को आजाद करने के लिए एक महंगा सेटलमेंट हुआ.

सुब्रमण्यम स्वामी के इस अजीबोगरीब दावे के बाद इंटरनेट पर कई तरह की बातें होने लगीं. इस बीच शाहरुख की मैनेजर ने किंग खान के दफ्तर की ओर से एक बयान जारी कर तमाम अफवाहों पर विराम लगा दिया. इस बयान में कहा गया है, कतर से नौसेना के अधिकारियों को छुड़ाने में शाहरुख खान के कथित रोल के बारे में चल रही रिपोर्ट्स पर शाहरुख खान के दफ्तर का कहना है कि इसमें शामिल होने की तमाम बातें निराधार हैं.

बयान में कहा गया है कि इस काम को भारत सरकार के अधिकारियों ने किया है और शाहरुख के इसमें शामिल होने से स्पष्ट रूप से इनकार करते हैं. आगे लिखा गया है कि डिप्लोमेसी से जुड़े तमाम मामलों को सही तरीके से काबिल लीडर्स ही हैंडल करते हैं. शाहरुख अन्य कई भारतीयों की तरह नौसेना के अधिकारियों के सुरक्षित घर लौटने से खुश हैं और उन्हें शुभकामनाएं देते हैं.

# विद्या बालन

## के बाद अक्षय कुमार की भूल भुलैया 3 में एंट्री? डायरेक्टर ने कास्टिंग पर किया खुलासा




सुपर हिट फ्रेंचाइजी भूल भुलैया चर्चा में बनी हुई है। दो हिट के बाद मेकर्स अब तीसरे पार्ट की तैयारी कर हे हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने भूल भुलैया 3 पर मुहर लगा दी। उन्होंने जानकारी दी कि इस बार फिल्म में उनके साथ मंजुलिका यानी विद्या बालन भी होगी। वहीं, अब भूल भुलैया 3 में अक्षय कुमार की एंट्री को लेकर अपडेट सामने आई है।भूल भुलैया की पहली कड़ी साल 2007 में आई थी। फिल्म में अक्षय कुमार और विद्या बालन ने लीड रोल निभाया था। ऐसे में फिल्म के तीसरे पार्ट में एक बार दोनों को देखना फैंस के लिए खास होगा, अगर कास्टिंग हुई तो।

**अक्षय के साथ काम करना चाहते हैं डायरेक्टर**

भूल भुलैया 3 में रुह बाबा यानी कार्तिक आर्यन के साथ मंजुलिका विद्या बालन की एंट्री कन्फर्म हो गई। इस जोड़ी के साथ अक्षय कुमार नजर नहीं आएंगे। फिल्म के डायरेक्टर अनीस बज्मी ने खुलासा किया है कि वो खिलाड़ी कुमार के साथ काम तो करना चाहते हैं, लेकिन फिल्म में उनके लिए कुछ है नहीं।

**क्या अक्षय होंगे शामिल ?**

अनीस बज्मी ने कहा, नहीं, अक्षय कुमार, भूल भुलैया 3 का हिस्सा नहीं हैं। मैं उनके साथ काम करने के लिए मर रहा हूं, लेकिन दुर्भाग्य से, मैं ऐसी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं बना पाया हूं जहां हम साथ काम कर सकें।

भविष्य में हम जरूर साथ काम करेंगे। डायरेक्टर ने ये भी बताया कि कहा कि भूल भुलैया 3 की शूटिंग इस साल मार्च में शुरू होगी और पहला दिन 10 मार्च है। हालांकि, उन्होंने अभी तारीख फाइनल नहीं किया है।

**फिल्म में विद्या की एंट्री**

भूल भुलैया 3 में विद्या बालन के साथ काम करने को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। उन्होंने कहा, विद्या ने मेरी फिल्म थैंक यू में 3 दिन का रोल करने के लिए तैयार हो गई थी। मुझे याद है मैंने उसे फोन किया था और उसने अपनी सहमति देने में देर नहीं लगाई। मुझे नहीं पता क्यों, लेकिन मैं उनकी इस बात को कभी नहीं भूल सकता। ये सब वहीं से शुरू हुआ और आज मैं यहां हूं, सेट पर जाने के लिए तैयार हूं।

# मुख्य मंत्री तीर्थ यात्रा


श्री अमृतसर साहिब


श्री हज़ूर साहिब


श्री पटना साहिब


श्री आनंदपुर साहिब


माता नैना देवी जी


श्री वृंदावन धाम


माता वैष्णो देवी जी


माता ज्वाला जी


वाराणसी


माता चिन्तपुर्णी जी


श्री खाटू श्याम जी, श्री सालासर धाम


ख़्वाजा अजमेर शरीफ़ दरगाह

पंजाब के पुत्र

## भगवंत सिंह मान

मुख्य मंत्री

के प्रयासों के स्वरूप अब तक

## 20,000 से अधिक

## बुज़ुर्गों ने किए दर्शन



भगवंत सिंह मान
मुख्य मंत्री, पंजाब

परिवहन विभाग, पंजाब